**बिहार सरकार**

**ग्रामीण कार्य विभाग**

# सूचना

चयन वर्ष, 2022 के लिए गैर राज्य असैनिक सेवा के पदाधिकारियों की चयन द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा में नियुक्ति हेतु निम्नांकित शर्त्तो के अधीन आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। भारतीय प्रशासनिक सेवा (भर्ती) नियमावली, 1954 के नियम 8 (2) तथा भा0प्र0से0 (चयन द्वारा नियुक्ति) विनियमावली, 1997 के नियम–4 के आलोक में ऐसे स्थायी राजपत्रित पदाधिकारी, विशेष परिस्थिति में भा0प्र0से0 में चयन नियुक्ति के लिए विचारणीय है जो :–

1. बिहार प्रशासनिक सेवा/बिहार वन सेवा/बिहार आरक्षी सेवा के पदाधिकारी नहीं है।
2. उत्कृष्ट योग्यता एवम् गुण के है।
3. दिनांक 01.01.2022 को 56 वर्ष के नहीं हुए हों।
4. अधिष्ठाई हैसियत से राजपत्रित पद पर लगातार न्यूनतम 8 वर्षो का अनुभव रखते है।
5. विषयगत नियुक्ति सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के संकल्प ज्ञापांक 4900 दिनांक 02.04.2012 के आलोक में अपेक्षित होगी।
6. पुनरीक्षित वेतनमान पे बैंड–3, रू0 15,000–39,100+ ग्रेड पे– रू0 5400 वाले पदों एवं इससे उच्चतर वेतनमान वालें पदों पर कुल मिलाकर कम से कम आठ वर्षो की सेवा होने के उपरान्त ही संबंधित पदाधिकारी इस विनियम के अन्तर्गत भा0प्र0से0 में चयन द्वारा नियुक्त होने हेतु विचार क्षेत्र में आ सकते है।
7. विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र (बायोडाटा सहित) दिनांक **15.05.2023** के संध्या **6.00** बजे तक निश्चित रूप से विभाग में प्राप्त करा दिया जाय। उक्त तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।

अनु0– सा0प्र0वि0 के द्वारा प्राप्त पत्रांक 7154
दिनांक 17.04.2023 (अनुलग्नक सहित)

2/5/2023.
(संजय दूबे)
विशेष सचिव

ज्ञापांकः–06/अ0प्र0–02–5/2015 (खण्ड–1) 2244 पटना, दिनांक– 03/5/23

प्रतिलिपिः–. सचिव के प्रधान आप्त सचिव/अभियंता प्रमुख/विशेष सचिव/ सभी मुख्य अभियंता/ सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता/सभी सहायक अभियंता/आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई प्रेषित।

2/5/2023.
विशेष सचिव